सैमुअल अलेक्जेंडर => ये भी विकासवाद का मूल सिद्धान्त लेकर चले है और स्पेंसर के मूल विचारो से सहमत है

! इनके अनुसार आदर्श अवस्था वह है जिसमे समाज के विभिन्न व्यक्ति अपनी विरोधी प्रवृति को संतुलित करके जीवन को सामंजस्यपूर्ण बना लेते हैं

-> इन्होने नैतिक आदर्शों के विकास की प्रक्रिया की व्याख्या नये तरीके से की है, इनका दावा है कि जिस प्रकार प्राकृतिक जगत मे सर्वोत्तम की उत्तरजीविता तथा प्राकृतिक-चयन के नियम लागू होते है वैसे ही नीति मीमांसा मे भी विभिन्न नैतिक आदर्शों मे संघर्ष होता रहता है और अंततः वही सिद्धान्त सुरक्षित रहता है जो सामाजिक कल्याण मे सर्वाधिक सहायक हो।

अंतर यह है कि प्राणियो के संघर्ष मे शारीरिक बल की केंद्रीय भूमिका होती है जबकि नैतिक आदर्शों के संघर्ष मे तर्कों तथा दूसरो को अपनी बातो से सहमत करने का महत्व होता है, हर नैतिक आदर्श का समर्थन कुछ ऐसे व्यक्ति जरुरी करते है जिनके पास उच्च तर्कक्षमता तथा प्रभावी अभिव्यक्ति क्षमता होती है, इनके संघर्ष मे समुचित नैतिक सिद्धान्त विजय होते है

- => नये नैतिक आदर्शों का प्रतिपालन करने वालो को प्रायः रूढ़िवादी सदस्यो का विरोध झेलना पड़ता है यहाँ तक कि उनकी हत्या भी हो सकती है eg- लिंकन, गाँधी, मार्टिन लूथर किंग etc

किन्तु विचार नही मरते और धीरे-धीरे समाज के अधिकांश लोग उन विचारो का महत्व समझने लगते है

मूल्यांकन => ① जैविक जगत के नियमो को नैतिक जगत पर पूरी तरह लागू करना उचित नही है

② अलेक्जेंडर मानकर चल रहे है कि बाद मे विकसित होने वाले मूल्य हमेशा पूर्ववर्ती मूल्यो से बेहतर होते है जबकि वास्तविकता मे ऐसा होना आवश्यक नही है

(लेस्ली स्टीफन) => समाज को महत्व, व्यक्ति को नही
→ निरपेक्ष नैतिकता की स्थिति न आयी है न आयेगी
→ स्टीफन भी स्पेंसर की तरह कई बातों को मानते हैं जैसे
=> सुख ही जीवन का मूल उद्देश्य है
=> नीति मीमांसा की व्याख्या विकासवाद के आधार पर ही की जा सकती है

निम्न विषयों पर स्पेंसर से अलग =>
=> उन्होंने व्यक्ति की तुलना मे समाज को अत्यधिक महत्व दिया जबकि स्पेंसर ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता का पुरजोर समर्थन किया था स्टीफन ने समाज को शरीर और व्यक्ति को अंग के रूप मे परिभाषित करते हुये सिद्ध करने का प्रयास किया है जैसे अंग शरीर के अभाव मे अस्तित्व हीन हो जाता है वैसे ही व्यक्ति समाज से पृथक होकर नही जी सकता

नैतिकता का एकमात्र मानदंड सामाजिक कल्याण है व्यक्ति को चाहिए की वह अपने हित को भूलकर केवल सामाजिक हित को साधने का प्रयास करे

=> समाज के विकास की कोई अंतिम स्थिति नही होती, विकासात्मक निरन्तर प्रक्रिया है So निरपेक्ष नैतिकता एक कल्पना है हमें सिर्फ सापेक्ष नैतिकता अर्थात वर्तमान स्थिति को ही सुधारने पर ध्यान देना चाहिए

मूल्यांकन => व्यक्ति को महत्व नही दिया
+ सामाजिक कल्याण को इस तरह प्रस्तुत किया है कि जैसे वह व्यक्तिगत कल्याण के विरुद्ध हो,
सच यह है कि सभी व्यक्तियों का कल्याण ही सामाजिक कल्याण होता है ∴ इनमे कोई विरोध नही है।

(5) जो व्यक्ति नैतिकता और न्याय के इन मूल नियमों का पालन नहीं करते हैं उन्हें दंड दिया जाना नैतिक है, समाज के अस्तित्व का लाभ अगर उन्हें मिलता है तो उनकी यह भी जिम्मेदारी है कि उसके अनुरूप नियमों का पालन करें।

(6) स्पेंसर ने नीतिशास्त्र मे सुखवाद का आधार भी लिया है उसके प्रमुख विचार इस प्रकार है

(I) सुख ही एकमात्र स्वतः साध्य शुभ है, शुभ या अशुभ की व्याख्या सिर्फ सुख की उपस्थिति या अनुपस्थिति के आधार पर हो सकती है सद्गुण भी सुख के आधार पर परिभाषित हो सकते है

(II) सबसे अच्छा आचरण वह है जो अमिश्रित सुख उत्पन्न करें। पर ऐसा आचरण निरपेक्ष नैतिकता के स्तर पर ही सम्भव है जहाँ मनुष्य का वातावरण के साथ पूर्ण सामंजस्य हो जाता है, सापेक्ष नैतिकता में प्रत्येक सुख दुखों के साथ मिश्रित होता है सुखो की उच्चता और निम्नता का फैसला सुख और दुख के Ratio से होता है

मूल्यांकन (1) जैविक नियम तथ्यात्मक होते हैं जबकि नैतिक नियम आदर्शमूलक है तथ्यात्मक नियम से आदर्शमूलक नियम को निकालना तर्कशास्त्रीय भूल है

(2) विकासवाद और सुखवाद का सम्बन्ध उलझा हुआ है स्पेंसर स्पष्ट नहीं कर पाते इनमे से मूल सिद्धान्त कौनसा है।

(3) यह मानकर चलना उचित नहीं है कि मनुष्य लगातार नैतिक दृष्टि से बेहतर दृष्टि की ओर बढ़ रहा है और भविष्य में निरपेक्ष नैतिकता आने वाली है (कई मामलो मे जनजातीय समाज विकसित समाज से बेहतर है)

(4) यह मानना भी गलत है कि विकास के साथ-साथ वातावरण के साथ सामंजस्य बढ़ रहा है अगर ऐसा होता तो ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन क्षरण जैसे संकट क्यों उत्पन्न होते।

(+ive → काल्पनिक नहीं ठोस यथार्थपरक आधार)

(4) निरपेक्ष नैतिकता की दशा में समाज को नैतिक मूल्यों पर बल देने की आवश्यकता नहीं होगी but यह अवस्था एक आदर्श मात्र है जो वर्तमान स्थिति से काफी अलग है, वर्तमान स्थिति सापेक्ष नैतिकता की है और उसके लिए नैतिक नियमों की जरूरत पड़ती है

नैतिक नियमों के संदर्भ मे

(5) स्पेंसर के कुछ विचार (a) हजारो वर्षों मे हमारे पूर्वजों ने जिन नैतिक नियमों और सद्गुणो की खोज की है वे समाज की जीवन रक्षा के उद्देश्य पर ही आधारित है अतः सामान्यतः उनका पालन करना उचित है

(b) स्पेंसर, Hobbes और बेंथम की तरह मनुष्य को केवल स्वार्थी नहीं मानते और न ही मार्क्स की तरह उसे मूलतः परार्थी मानते है वह सिजविक की तरह इस विचार से सहमत है कि मनुष्य मे स्वार्थ और परार्थ दोनों प्रवृत्तियाँ होती हैं, केवल स्वार्थ जितना गलत है उतना ही गलत केवल परार्थ भी है, स्वार्थ अपने आप मे बुरी प्रवृत्ति नहीं है क्योंकि इसी के कारण आत्मरक्षा और विकास की प्रेरणाये उत्पन्न होती हैं। व्यक्ति के स्वार्थ को वहीं अनैतिक माना जाना चाहिए जहाँ वह समाज का अहित कर रहा हो —

(न्याय के Points) (c) प्रत्येक व्यक्ति को वहाँ तक पूरी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए जहाँ तक उसके कार्य किसी अन्य की स्वतंत्रता मे बाधक न होते हो

(d) प्रत्येक व्यक्ति को उसकी क्षमताओ के अनुसार ही महत्व तथा विकास के अवसर मिलने चाहिए, योग्य व्यक्ति को अधिक अवसर मिलने चाहिए क्योंकि वह अपनी योग्यता के बलबूते समाज के विकास मे अपेक्षाकृत बड़ी भूमिका निभाता है

(e) समाज का जो सदस्य जितना असहाय है उसे बाकी सदस्यों का उतना ही सहयोग और संरक्षण मिलना चाहिए, यह बात मुख्यरूप से बच्चों के पालन-पोषण के संदर्भ मे लागू होती है

(f) संकट की अवस्था मे समाज का अस्तित्व बचाये रखने के लिए कुछ व्यक्तियों की बलि उचित है क्योंकि नैतिकता का मूल उद्देश्य समाज के अस्तित्व को बचाना है

* 19वीं सदी में चार्ल्स डार्विन के विकासवादी सिद्धान्त का प्रभाव Ethics सहित कई विषयों पर पड़ा, इसी प्रभाव के परिणाम स्वरूप एक नई शाखा विकसित हुयी जिसे विकासात्मक Ethics कहा जाता है इसके प्रमुख समर्थकों में हर्बर्ट स्पेंसर लेस्ली स्टीफन और सेमुअल अलेक्जेंडर है इसके अलावा कुछ मात्रा में लॉयड मोर्गन, हेनरी बर्गसाँ, ऑगस्ट कॉम्टे प्रमुख है

स्पेंसर इस दृष्टिकोण के प्रमुख व्याख्याकार है जिनकी धारणा को विकासात्मक सुखवाद भी कहा जाता है उन्होंने सुखवादी आधार लेते हुये विकासवाद के नियमों को नीतिशास्त्र में शामिल किया है

स्पेंसर की विचारधारा ① स्पेंसर ने विकासवाद का वही अर्थ लिया है जो डार्विन ने लिया था अर्थात विकास का अर्थ है सरलता से जटिलता, अव्यवस्था से व्यवस्था तथा एकता से अनेकता की ओर अग्रसर होना, स्पेंसर का दावा है कि विकास का यह नियम सिर्फ जीवशास्त्र पर लागू नहीं होता, इससे समाज तथा नैतिकता के नियम भी निर्धारित होते हैं

② स्पेंसर के अनुसार जीवन का अर्थ है प्रकृति के साथ प्राणी के समायोजन (adjustment) की निरन्तर प्रक्रिया, जो कर्म वातावरण के साथ मनुष्य के समायोजन में सहायक है, वे शुभ है और विरोधी कर्म अशुभ है, शुभत्व की मात्रा भी इसी से तय होती है कि कोई कर्म मनुष्य के अस्तित्व को बचाने या उसके दीर्घ जीवन में कितना सहायक है

③ नैतिकता के विकास की प्रक्रिया के 2 चरण है — सापेक्ष नैतिकता तथा निरपेक्ष नैतिकता

सभ्यता की शुरुआत में सापेक्ष नैतिकता होती है इस समय मनुष्यों का आचरण कम विकसित होता है अर्थात वह प्रायः ऐसा आचरण करते हैं जो समायोजन में बाधक होता है eg- आपस में संघर्ष करना, सहयोग न करना etc धीरे-2 आचरण विकसित होता है और समायोजन बेहतर होने लगता है नैतिक विकास की चरम स्थिति तब आती है जब, व्यक्ति का समायोजन के मूल्यों से पूर्ण सामंजस्य हो जाता है उसका अन्य व्यक्तियों से विरोध पूर्णतः समाप्त हो जाता है और वह सामाजिक हित में ही अपना हित देखने लगता है, व्यक्तिगत हित की पृथक धारणा उसके मन से पूर्णतः समाप्त हो जाती है इसी स्थिति को स्पेंसर ने निरपेक्ष नैतिकता कहा है

(2)

(विकासवाद)

19वीं सदी में विकसित हुआ ⇒ (चार्ल्स डार्विन के समय से)

→ 2 book लिखी < 1859, 1871

{प्रकृति हमें खुद को (प्रूव) Challenge करने का मौका देती है}

- हर्बर्ट स्पेंसर
- लेस्ली स्टीफेन
- सेमुअल अलेक्जेंडर

⇒ **हर्बर्ट स्पेंसर का विकासवाद** ⇒ विकास का अर्थ ⇒ सरल से जटिल की धारणा ⇒ अस्थिर से स्थिर की

: अव्यवस्थित से व्यवस्थित की ओर बढ़ना ; अविकास से विकास की ओर

⇒ वही जिंदा रहेगा जो प्रकृति की चुनौतियों को झेल लेगा,

विकासवादी नीतिशास्त्र

जिंदा वही रहेगा जो प्रकृति की चुनौती का झेल लेगा,

प्रकृति के साथ समायोजन करने वाले मूल्य ⇒ शुभ

जो समायोजन नहीं कर पाते ⇒ अशुभ

प्रकृति को झेलने में सक्षम बनाने वाले कर्म ⇒ नैतिक (vice versa)

- सापेक्ष — नियमों के साथ समायोजन की कोशिश
- निरपेक्ष — हर मनुष्य मन वचन कर्म हर तरह से प्रकृति के साथ समायोजित करने की क्षमता रखता है

सुखवाद — परम सुख

न्याय

न्याय की धारणा विकासवाद पर आधारित होनी चाहिए

⇒ प्रत्येक व्यक्ति को यथासम्भव स्वतंत्रता मिलनी चाहिए

⇒ जो व्यक्ति असहाय है उसकी सहायता करनी चाहिए (सिर्फ होने तक)

⇒ योग्यता के अनुसार व्यक्ति को प्राप्तियाँ होनी चाहिए

⇒ समाज के नियमों का पालन सबको करना चाहिए → नहीं तो दंड देना चाहिए

⇒ संकटकाल में यदि जरूरी हो (समाज को बचाने के लिए) तो कुछ मानवों का बलिदान किया जा सकता है

स्वार्थ - प

↓ मनुष्य मूलतः स्वार्थी है ⇒ मानव ⇒ मूलतः परो...

⇒ सिजविक ⇒ स्वार्थी परार्थी

⇒ स्पेंसर ⇒ स्वि...

समर्थक थे but स्टोइक दर्शन बुद्धि को पूरा महत्व देकर भावनाओं तथा वासनाओं के पूर्ण दमन की बात करता है यह अतिवादी स्टोइकों का अपना है प्लेटो अरस्तू का नहीं

(3) सद्गुण सुख के साधन नहीं है बल्कि अपने आप में साध्य है सद्गुणों का विकास करता और उनके अनुरूप जीता है सुखी है

(4) सुकरात के इस मत का समर्थन करते हैं कि ज्ञान ही सद्गुण है तथा सभी सद्गुण ज्ञान के ही रूप है

(5) सर्वेश्वर वाद का समर्थन करते हैं अर्थात ईश्वर और जगत को अभिन्न मानते हैं इसमें निहित है कि जगत जो कुछ भी होता है ईश्वरी इच्छा से ही होता है अतः मनुष्य को सुख-दुख से पूर्णतः उदासीन रहना चाहिए और हर घटना को ईश्वरी इच्छा के रूप में देखना चाहिए

(6) सिनिक दर्शन की तरह विश्व नागरिकतावाद की स्वीकृती। व्यक्ति सिर्फ अपने नगर राज्य का ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण राज्य का नागरिक है

(7) पहली बार मानव मात्र के समानता का समर्थन।। पुरुष या स्त्री, स्वामी या दास सभी मनुष्य समान है

(8) स्टोइको का प्रसिद्ध कथन है, "प्रकृति के अनुसार जीयो" इसका अर्थ यह माना जाता है कि जिस प्रकार प्रकृति ईश्वर के नियमों के अनुसार संचालित होती है वैसे ही मनुष्य को संचालित होना चाहिए

(मूल्यांकन) +ive ⇒ पहली बार मानव मात्र की समानता का विचार
व विश्व नागरिकतावाद की प्रगतिशील विचार है

- ive ⇒ जगत्‌ को ईश्वर की मर्जी पर छोड़ देना व्यक्ति को अकर्मण्य या निष्क्रिय बनाता है
≠ सुख-दुख से पूर्णतः उदासीन होने का आदर्श ...

(5) नैतिक सद्गुणों का विकास करना वांछनीय है but वे स्वयं साध्य नहीं अपितु सुख के साधन हैं वे व्यक्ति और समाज के कल्याण के लिए आवश्यक हैं

eg- अनियन्त्रित वासना → समाज / व्यक्ति → घातक

अतः संयम सद्गुण → " → लाभदायक

(6) नैतिक सुखों की ओर बढ़ने के लिए व्यक्ति को दर्शन का अध्ययन करना चाहिए एपिक्यूरस ने डिमोक्रेटस के परमाणुवाद को आधार बनाते हुये सिद्ध किया कि दर्शन व्यक्ति को मृत्यु के भय तथा ईश्वर/देव के भय से मुक्त कर सकता है इन भयों से मुक्त व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में नैतिक हो पाता है

मूल्यांकन → +ive → परिष्कृत सुखवाद अपने आप में एक अच्छा विचार है जो व्यक्ति और समाज दोनों को संतोष प्रदान करता है

- -ive → यह मानना जरूरी नहीं है कि हर व्यक्ति सुख के लिए ही कार्य करता है

→ डिमोक्रेटस के परमाणुवाद को आधार बनाया है but अनीश्वरवादी विचारधारा को सही मानने की कोई आवश्यकता नहीं है

(स्टोइकवाद) ⇒ स्टोइक दर्शन सिनिक सम्प्रदाय का ही परिष्कृत रूप है इसमें संस्थापक जेनो ने कई विचार सिनिक सम्प्रदाय से लेते हुये तथा कुछ नये विचारों के साथ अपनी नीतिमीमांसा दी।

प्रमुख विशेषताएं (1) सुखवाद का पूर्ण निषेध (अरिस्टीपस तथा एपिक्यूरस दोनों के सुखवाद का)

(2) मानव का कल्याण तभी सम्भव है जब वह अपनी सभी वासनाओं और इच्छाओं का दमन करके बुद्धि के आदेशों के अनुसार सद्गुण युक्त जीवन व्यतीत करे, प्लेटो और अरस्तू ~~भी नैतिक पक्ष के~~

(ऐपीक्युरियन वाद) (1) ग्रीक दर्शन के अंतिम दौर में सुखवाद का एक नया रूप उभरा जिसे उसके प्रवर्तक ऐपिक्यूरस के नाम के आधार पर कहा जाता है

वर्तमान में ऐपिक्युरियन होने का अर्थ ऐसे व्यक्ति से लिया जाता है जो शराब, नारी और संगीत में डूबा रहता है किन्तु वास्तविकता यह है कि ऐपिक्युरस वाद अरिस्टीपस के विरुद्ध सुखवाद का विरोध करता है और उदात्त सुखवाद पर बल देता है

महत्वपूर्ण विचार (1) मनोवैज्ञानिक सुखवाद और नैतिक सुखवाद का समर्थन, सुख ही एकमात्र स्वतः साध्य शुभ है शेष सभी सुख सामान्य है,

(2) सुखवादी होने पर भी ऐपिक्युरस वाद अरिस्टीपस के विरुद्ध सुखवाद का विरोध करता है उनका दावा है कि ऐन्द्रिक सुख आवश्यक तो है but लगातार उनके पीछे दौड़ने से मानसिक अशांति पैदा होती है

(3) व्यक्ति को जिस वास्तविक सुख की खोज करनी चाहिए वह Ataraxia वह स्थायी और शांतिपूर्ण मानसिक स्थिति का सुख है, मानसिक सुख, शारीरिक सुख से बेशक कम तीव्र हो किन्तु इसमें स्थायित्व और उच्चता अधिक होती है, साहित्य कला चिंतन और ज्ञान की खोज की प्रक्रियाओं में यह सुख शामिल होता है व्यक्ति को चाहिए कि वह इस सुख की प्राप्ति के लिए शारीरिक ऐन्द्रिक सुखों का त्याग कर दे -

(4) मनुष्य की इच्छाये 2 प्रकार की है, एक वे जो स्वाभाविक व अनिवार्य है eg भूख, प्यास etc

और दूसरी वे जो अनावश्यक है eg अत्यधिक महत्वाकांक्षा या धनलिप्सा etc

अनिवार्य इच्छाओं को पूरा करते हुये व्यक्ति को पूरी कोशिश करनी चाहिए वे कृत्रिम इच्छाओं से मुक्त हो सके.

गौरतलब है कि यही चारों उदाहरण प्लेटो ने भी दिये थे but जहाँ प्लेटो का मुख्य बल न्याय पर था वहीं अरस्तू का विवेकपरक जो व्यक्ति विवेक के अधीन संयम साहस और न्याय को रखते हुये जीवन जीता है वह आत्मा व कल्याण की स्थिति उपलब्ध करता है

कुछ अन्य पक्ष ⇒ (1) अरस्तू ने महिलाओं को अपूर्ण पुरुष कहा है, नारीवादी नीति मीमांसा इसका कड़ा विरोध करती है

(2) अरस्तू ने दासों को मनुष्य नहीं माना है, समतावादी दृष्टि से इस विचार का विरोध किया जाता है

(3) अरस्तू ने व्यक्ति को नैतिक बनाने के लिए राज्य का अत्यधिक समर्थन किया है उसका दावा है कि, "व्यक्ति को व्यक्ति राज्य ही बनाता है" उसके समय में यह विचार संभवतः प्रासंगिक रहा होगा but वर्तमान में राज्य की शक्तियाँ बढ़ना व्यक्ति की स्वतंत्रता व अनैतिक माना जाता है

(मूल्यांकन)

+ive

(1) पहली बार व्यवस्थित विवेचन
(2) अतिवादी विचारों को खारिज करके संतुलित नीति मीमांसा की स्थापना
(3) पूर्णतावाद का विचार प्रारं० प्रा० तौर पर विकसित किया जो 19वीं सदी केन्द्रीय विषय बन गया (प्रारंभिक)

(−ive) 1) ऐच्छिक / अनैच्छिक कर्मों का विवेचन हर स्थिति में कठिन है
eg = तीव्र पीड़ा के भय से कोई व्यक्ति विचलित हो सकता है और कोई नहीं, ऐसी स्थिति में इसे ऐच्छिक माना जाये या अनैच्छिक

2) मध्य मार्ग का सिद्धांत हर जगह लागू नहीं होता eg घृणा और ईर्ष्या जैसे भावों में मध्यवर्ती स्थिति कैसे तय होगी और वह कैसे नैतिक मानी जायेगी

3) महिला को लेकर
[illegible] को लेकर

के दर्शन में पूर्णतावाद कहलाया।

अरस्तू का सद्‌गुण का सिद्धान्त: अरस्तु ने भी सुकरात और प्लेटो की तरह सद्‌गुणों की चर्चा की है but उसका विवेचन कुछ अलग और व्यवस्थित है - उसके प्रमुख विचार निम्न हैं

(a) उसने सद्‌गुणों की परिभाषा देते हुये कहा कि, " सद्‌गुण मनुष्य की ऐसी स्थायी मानसिक अवस्था है जो निरन्तर अभ्यास के फलस्वरूप विकसित होती है और बुद्धि द्वारा निर्धारित उसके स्वैच्छिक कर्मों में व्यक्त होती है-

(b) परिभाषा से स्पष्ट है कि सद्‌गुण जन्मजात नही होते वे कठोर अभ्यास से विकसित होते है वस्तुतः प्रत्येक सद्‌गुण मनुष्य की किसी न किसी इच्छा या वासना को नियन्त्रित करता है जैसे संयम सुख भोग की वासना को और साहस भय को आत्मा को; सद्‌गुण के विकसित होने का अर्थ यही है कि अब वह व्यक्ति किसी वासना या इच्छा के अधीन कोई कर्म नही करेगा, उसके विभिन्न कर्म स्वाभाविक रूप से उसकी बुद्धि के निर्देशन के अनुसार होंगे।

(c) अरस्तु ने सद्‌गुणों के संबंध मे माध्य का सिद्धान्त दिया है जिसके (Mean path) अनुसार, प्रत्येक नैतिक सद्‌गुण 2 अतिवादी दृष्टिकोणों के बीच की अवस्था है. eg- संयम, अनियन्त्रित भोग और पूर्ण वैराग्य वाद के बीच की स्थिति है।

इसी प्रकार साहस आक्रमकता और कायरता के बीच की स्थिति है सार यह है कि सद्‌गुण व्यक्ति को अतिवाद से मुक्त करते है और संतुलन के रास्ते पर चलना सिखाते है

(D) अरस्तु ने सद्‌गुणों को 2 वर्गों में बांटा है, बौद्धिक सद्‌गुण तथा नैतिक सद्‌गुण यह वर्गीकरण आत्मा के 2 पक्षों, बौद्धिक तथा भावनात्मक पर आधारित है आत्मा का भावनात्मक पक्ष इच्छाओं तथा वासनाओं से संबंधित है जो पशुओं मे भी यथा रूप होता है बौद्धिक पक्ष वह विशिष्ट पक्ष है जो मनुष्य को शेष प्राणियों से अलग तथा श्रेष्ठ बनाता है

बौद्धिक सद्‌गुणों मे सबसे imp विवेक है जो सुकरात के ज्ञान के नजदीक है, नैतिक सद्‌गुणों मे सबसे imp 3 है - संयम, साहस और न्याय

१) अरस्तू का दृष्टिकोण एक वैज्ञानिक का दृष्टिकोण है, so उनके चिन्तन में [illegible] समन्वय नजर आती है उन्होंने पहली बार स्पष्ट किया है कि नैतिकता का सम्बन्ध मनुष्य के सभी कर्मों से नहीं होता, जिसे स्वैच्छिक कर्म / [illegible] will कर्म से होता है उसके अनुसार 2 प्रकार के कार्य स्वैच्छिक कर्म नहीं माने जा सकते — (1) बाहरी दबाव में किये गये कर्म
(2) परिस्थितियों से अनजान होने के कारण किये गये कार्य
eg → यदि किसी व्यक्ति ने किसी अनाथ की सहायता करने के लिए उसे कुछ खरीद कर खाने को दिया, खाते ही उसकी मौत हो गयी क्योंकि उसमें जहर था अगर कर्ता को इस सम्भावना का बिल्कुल भी ज्ञान नहीं था तो उसका यह कृत्य अनैच्छिक माना जायेगा

अरस्तू ने स्पष्ट किया है कि सद्गुणों का ज्ञान नहीं होना किसी कर्म को अनैच्छिक नहीं बनाता है eg- कोई भ्रष्टाचार यह कहे कि मुझे इस बात का ज्ञान नहीं था कि कर्मठता एक सद्गुण है तो अपनी अनैतिकता की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकता.

२) नीति मीमांसा का मूल आधार => नीति मीमांसा का मूल प्रश्न है कि सर्वोच्च शुभ क्या है प्लेटो ने शुभ के प्रत्यय को सर्वोच्च शुभ कहा था जो इहलोक में न होकर उससे परे है अरस्तू अपनी नीति मीमांसा को इहलोक तक सीमित रखने का पक्षधर है so उनका दावा है कि सर्वोच्च शुभ आनंद —कल्याण (यूडेमोनिया) है इसका प्रमाण यह है कि हम आनंद की कामना किसी लक्ष्य के साधन के रूप में नहीं करते बल्कि उसे अपने आप में ही वांछनीय मानते हैं

आनंद शारीरिक सुख नहीं है हालांकि इसमें शारीरिक सुख अंतर्निहित है सुखवादी नीति मीमांसा से अलग करते हुये अरस्तू ने आनंद को परिभाषित करते हुये कहा है कि, "यह वह शांतिपूर्ण मानसिक अवस्था है जिसका अनुभव मानव निरन्तर सद्गुण युक्त जीवन व्यतीत करने के परिणाम स्वरूप ही कर सकता है,".

प्रश्न है कि आनंद की प्राप्ति होगी कैसे? अरस्तू का ans है कि जीवन में संतुलन होने से ही इसकी प्राप्ति हो सकती है हमारी आत्मा के 2 पक्ष हैं बौद्धिक तथा भावात्मक इन दोनों के समुचित समन्वय से ही मनुष्य का जीवन आनंद या कल्याण से पूर्ण हो सकता है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि भावात्मक पक्ष, बौद्धिक पक्ष के नियन्त्रण में रहे। इन बिन्दु प्लेटो और अरस्तू दोनों का विचार यही है कि बुद्धि के नियन्त्रण में इच्छाओं की तृप्ति करना आदर्श जीवन है

अरस्तु

- पृष्ठभूमि – प्लेटो का शिष्य था
- Ethics की पहली पुस्तक इसी ने लिखी → निकोमेकियन Ethics पहली Book है Ethics की। पूरी निकोमेकस ने की ये book,
- 4000 Books लिखी है
- Eudaimonism / युडेमोनियम Ethics
- निकोमेकस (अरस्तु का बेटा)

? की व्याख्या / ? के जरिए की जाए
↓
आनंद / कल्याण (युडेमोनिया) — Greek word
↓
शुभ का मतलब
- मानसिक सुख → शारीरिक सुख इसका Part
- शांतिपूर्ण / सामंजस्य
⇓
संतुलन → सद्गुणों का विकास

सद्गुण
- परिभाषा Previous topic से देखें
- Theory of Mean
  ↓
  हर सद्गुण 2 अतियों के मध्य की स्थिति है
  ↓
  चरम भोग ← → त्याग / संयम
  ↓
  त्यागपूर्वक भोग करना चाहिए
- आत्मा
  - बौद्धिक पक्ष → बौद्धिक सद्गुण → विवेकशीलता
  - भावनात्मक पक्ष → नैतिक सद्गुण → साहस, संयम, न्याय

(आत्मा का बौद्धिक पक्ष केवल मनुष्य में और भावनात्मक पक्ष तो पशुओं में भी होती है so विवेक को सबसे ज्यादा importance दी गयी है (मनुष्य को सबसे अलग करता है so यह श्रेष्ठ है))

स्वैच्छिक कर्म

1) अरस्तु ने पहली बार नीतिशास्त्र को व्यवस्थित रूप प्रदान किया उसकी पुस्तक निकोमेकियन पुस्तक नीतिशास्त्र की पहली स्वतंत्र पुस्तक मानी जाती है
2) अरस्तु कुछ बिन्दुओं पर सुकरात के नजदीक है कुछ पर प्लेटो से प्रभावित है जबकि कुछ विचारों में वह दोनों से भिन्न रास्ता चुनता है

उसके परिवार का अस्तित्व खतरे मे पड़ सकता है अतः
एक नीतिशून्य कर्म माना जा सकता है

एक दूसरा किन्तु कमजोर तर्क यह भी हो सकता है कि
अधिकारी का आदेश मानना कॉन्स्टेबल की आचरण संहिता का एक
हिस्सा है

सच यह है कि दोनो तर्क मिलकर भी कॉन्स्टेबल के कार्य
नैतिक सिद्ध नहीं कर सकते वे अधिक से अधिक उसके कार्य की
की तीव्रता को ↓ कर सकते है! किसी के जीवन को बचाने के
अधिकारी के अवैध आदेश को अस्वीकार किया जा सकता है
प्रकार कोई व्यक्ति चाहे कितना भी [illegible] हो उसे यह हक नही
जाता कि वह किसी की जान ले ले

(ग) अगर अभियुक्त हिरासत से भाग गया था तो यह पुलिस प्रशासन की कमजोरी है अपने विभाग की कमजोरी को नैतिक रूप से स्वीकारने के बजाए उसके नाम पर किसी की जान लेना बिल्कुल अनुचित है

(घ) कानून के अनुसार एनकाउंटर केवल उसी स्थिति मे जायज है जब पुलिस कर्मचारियो का जीवन खतरे मे हो दी गयी स्थिति से अनुमान होता है कि ऐसा कोई संकट नही है बल्कि योजना बनाकर एनकाउंटर किया जा रहा है

(ङ) यह सिर्फ एक सम्भावना है कि वह कुछ हत्यायें कर सकता है सिर्फ सम्भावना के कारण किसी का जीवन लेना अनैतिक माना जायेगा और नैतिक दृष्टि से तो यह सम्भावना भी हमेशा बनती है कि वह अपनी गलतीयों को स्वीकार कर ले और अच्छा मनुष्य बन जाए

(च) अगर सुराग मिल ही गया है तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता है और सम्भावित हत्याओ को अंजाम देने से रोका जा सकता है,

(छ) पुलिस की ~~नैतिक~~ नैतिकता की दृष्टि से यह गलत है क्योंकि उसके गिरफ्तार होने मे सम्भावना है कि वह कई सम्भावित अपराधो या छिपे हुये अपराधो की जानकारी दे सकता है जबकि उसे मार देने से यह लाभ नही मिलेगा. Extra: जीवन का अधिकार एक मूल अधिकार है जिसे छीनने का हक कानून के सिवा किसी को नही है।

Q.(3) कांस्टेबल को नैतिक मानने का एक ही तरीका है कि उसके इस कार्य को स्वैच्छिक कार्य न माना जाए, नैतिकता के नियम सिर्फ स्वैच्छिक कार्यो पर लागू होते है अनैच्छिक कार्यो पर नही, अनैच्छिक कार्यो (जिन्हे नीतिशून्य या नीति तटस्थ कार्य भी कहा जाता है) मे ऐसे कार्य भी शामिल किए जाते है जो असहनीय दबाव के तहत किये गये हो। चूँकि कांस्टेबल की नौकरी खत्म होने का खतरा है और [illegible]

(2) कांस्टेबल के एनकाउंटर में हिस्सा लेने को किस आधार पर नैतिक माना जा सकता है।

Soln (3) कांस्टेबल अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता और अगर वास्तव में उसे कुछ अक्षमता नहीं है तो

Sir का Formula => एनकाउंटर किसी भी आधार में नैतिक नहीं है

Sol (1) इस परिस्थिति मे निम्न नैतिक Qus शामिल हैं -

(1) DCP को कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना चाहिए या अपने अंतर्मन के आधार पर अभियुक्त को मारने का निर्णय करना चाहिए

(2) DCP को अपने अधीनस्थों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए - उन्हें गुलामों की तरह समझना चाहिए या संकल्प स्वातंत्र्य से युक्त नैतिक प्राणीयों के रूप में

(3) कांस्टेबल को अपने Pro. Ethics अर्थात अपने सीनियर की आज्ञा का पालन करना और अपने सामाजिक नैतिक मानदण्डों तथा अंतर आत्मा (अर्थात अनावश्यक रूप से किसी भी मनुष्य की हत्या नहीं की जानी चा... मे से किसका पालन करना चाहिए

(4) एक मुद्दा यह भी है कि DCP की कार्यवाही पुलिस प्रशासन और समाज कैसा प्रभाव डालेगी & वह प्रभाव नैतिकता को बढ़ायेगा या अनैतिकता को

Soln (2) कानूनी दृष्टि से गलत होना और नैतिक दृष्टि से गलत होना एक साथ हो भी सकता है और नहीं भी किन्तु इस स्थिति मे ये दोनों निर्णय एक जैसे होंगे, DCP के एनकाउंटर ~~के निर्णय को नैतिक~~ आधार पर सही नहीं माना जा सकता क्योंकि

(क) अभियुक्त पर कई मुकदमें चल रहे हैं किन्तु यह सूचना नहीं दी गयी है कि वह अपराधी सिद्ध हो चुका है। ऐसी स्थिति मे तो राज्य को भी हक नहीं है कि वह उसका जीवन छीने

(ख) हो सकता है कि न्यायालय अभियुक्त को अपराधी मानते हुये भी मृत्युदंड की आवश्यकता न समझे ऐसी स्थिति मे एनकाउंटर और हत्या मे कोई अंतर नहीं रहेगा

Date 7/11/2013

(निरपेक्षवाद)

कोई चीज किसी भी अन्य चीज से प्रभावित नहीं होती है

नैतिक नियम या कोई भी नियम किसी चीज से नहीं बदल सकता

(सापेक्षवाद)

कोई चीज किसी भी अन्य चीज से प्रभावित है

नैतिक नियम किसी अन्य चीज से बदल सकता है

Case Study

गब्बर सिंह इलाके का जाना-माना अपराधी है जिसपर कई मुकदमे चल रहे हैं और वह जेल से फरार हो गया है, इस बात की पूर्ण सम्भावना है कि वह कुछ हत्याओं को अंजाम दे सकता है

चुलबुल पांडे इलाके के D.C.P है और उन्हें सुराग मिला है कि गब्बर कहाँ छिपा हुआ है, उन्हें कानूनी अनुशासन में विशेष रुची नहीं है वे मानते है कि अदालत की लम्बी प्रक्रिया में अपराधी बच ही जाता है इसलिए वो कई मौकों पर एनकाउंटर कर चुके हैं और आज भी एनकाउंटर की योजना बना ली है उनके अधीनस्थ पुलिस अधिकारी उनसे बहुत डरते हैं ~~क्योंकि वे उनमें नियन्त्रण कैसा रखते थे~~

एनकाउंटर टीम में एक कांस्टेबल है जिसका नाम तिवारी जी है वह मन से नहीं चाहता कि एनकाउंटर का हिस्सा बने but DCP का दबाव इतना अधिक है अगर वह भाग नहीं लेगा या किसी को शिकायत करेगा तो उसका निलम्बन या बर्खास्त तय है

इस परिस्थिति के आलोक में निम्न प्रश्नों पे विचार करें

1) इसमें कौन-2 से नैतिक मुद्दे शामिल है

2) यद्यपि एनकाउंटर कानूनी दृष्टि से गलत है पर क्या इसे नैतिक दृष्टि से उचित माना जा सकता है अगर हाँ तो किन तर्कों के आधार पर.

सेरेनाइको के नैतिक सुखवाद को खारिज करते हुये प्लेटो ने लिखा है कि हर सुख का शुभ होना आवश्यक है
तीव्र वासनाओ, इच्छा या घृणा से प्रेरित सुख, नैतिक अशुभ उत्पन्न कर सकते है, वे ही सुख नैतिक है वे विवेकशील आचरण के अन्तर्गत किए गये है

(मूल्यांकन) (+ive): भावना और बुद्धि को समुचित महत्व दिया
+ निकृष्ट सुखवाद का तार्किक विरोध → जो आवश्यक था
+ हीगल जैसे दार्शनिको के लिए आधार सामग्री की तरह
(-ive) + प्रत्यय सिद्धान्त → काल्पनिक सिद्धान्त → जिसपर नीति मीमांसा को आधारित करना गलत। इससे परलोकवाद हावी होता है
+ अगर शुभ का प्रत्यय सभी प्रत्ययो मे अभिव्यक्त होते और प्रत्यय ही वस्तुजगत मे अभिव्यक्त होते है तो Que है कि जगत मे अशुभ परिस्थितियाँ होती ही क्यो है, इस Q का तार्किक समाधान प्लेटो के दर्शन मे नही है

विभिन्न प्रत्ययों मे समन्वय स्थापित करने वाला शुभ का प्रत्यय है जो सम्पूर्ण नैतिकता का मूल आधार है यह सभी प्रत्ययों में व्यक्त होता है
प्लेटो का यह विचार सुकरात के विचारों से मिलता-जुलता है -
(क) ज्ञान ही सद्गुण है
(ख) ज्ञान ही अन्य सद्गुणों के रूप में व्यक्त होता है

∴ सुकरात की तरह प्लेटो ने भी नीति मीमांसा मे सद्गुणों को विशेष महत्व दिया है, उसने 4 सद्गुणों को नैतिक सद्गुणों का आधार माना है - विवेक, साहस, संयम, न्याय, पहले 3 का सही अनुपात होने पर न्याय तथा सामंजस्य का सद्गुण (सर्वोच्च सद्गुण) उत्पन्न होता है, इस संबंध की व्याख्या प्लेटो ने व्यक्ति और राज्य दोनो स्तरों पर की है -

(क) व्यक्ति के स्तर पर उनका मत है कि जो व्यक्ति अपने साहस और संयम को विवेक की अधीन रखता है उसमें न्याय सद्गुण उत्पन्न हो जाता है ऐसा व्यक्ति विवेकपूर्ण आचरण करता है, साहस द्वारा बाधाओं पर विजय प्राप्त करता है और संयम द्वारा वासनाओं पर नियन्त्रण रखता है

(ख) राज्य के स्तर पर 3 वर्ग है - (1) प्रशासक वर्ग - विवेक का प्रतिनिधि
(2) सैनिक ״ - साहस ״ ״
(3) व्यापारी ״ - वासना/संयम ״ ״

अगर तीनो वर्ग एक दूसरे के काम मे हस्तक्षेप न करें और सैनिक तथा व्यापारी वर्ग प्रशासक वर्ग के निर्देशों के अधीन रहें तो राज्य न्यायपूर्ण होता है, चूँकि सैनिक वर्ग के लोग क्रोध मे, तथा व्यापारी वर्ग के लोग लोभ मे अंधे हो सकते है, इसलिए उनपर दार्शनिक राजा अर्थात विवेकशील प्रशासक का नियन्त्रण आवश्यक है

∴ प्लेटो ने सेरेनाइक सम्प्रदाय के अंधे सुखवाद का तथा सिनिक सम्प्रदाय के कठोर वैराग्यवाद दोनो को एकांगी मार्ग बताते हुये खारिज किया है उनका मानना है कि मनुष्य को आनंद और संयम का समन्वय करना चाहिए उसे मानसिक और शारीरिक दोनो सुखो की प्राप्ति करनी चाहिए किन्तु विवेक की बुद्धि अधीन रहते हुये, मानसिक सुखो को शारीरिक सुखों से अधिक महत्व देना सही है



(न्याय) :- प्लेटो की नीति मीमांसा की अभिव्यक्ति उनके 2 ग्रंथों रिपब्लिक और फिलेबस में हुयी है उन्होंने सेरेनाइक और सिनिक के अतिवादी मार्गों का विरोध करते हुये पहली बार पूर्णतावाद का विचार दिया जिसके अनुसार मनुष्य को संतुलित और सामंजस्य पूर्ण जीवन जीना चाहिए, यही विचार आगे चलकर हीगल, ग्रीन और ब्रेडले जैसे प्रत्ययवादी विचारकों में भी दिखाई पड़ता है

:- प्लेटो ने नीति मीमांसा को अपने प्रत्ययवाद के आधार पर स्थापित किया है उनका दावा है कि न्याय, संयम, साहस, सौन्दर्य जैसे सद्गुणों का आदर्श रूप प्रत्यय जगत में प्रत्ययों के रूप में विद्यमान है

प्रत्ययों का ज्ञान बुद्धि के चरम स्तर पर होता है। केवल बुद्धिमान व्यक्ति को साधना के द्वारा प्रत्ययों को जान पाते हैं किन्तु प्रत्यय का ज्ञान प्राप्त करते ही व्यक्ति स्वयं उन सद्गुणों से युक्त हो जाता है, जो इन सद्गुणों को जान लेता

(चार्वाकों से तुलना) → धूर्त चार्वाक

...सम्प्रदाय → सुखवादी सिद्धान्त

→ समाज का अस्तित्व खतरे में पड़ जाता है

(सिनिक) नीति मीमांसा

सिनिक की विचारधारा का प्रवर्तक सुकरात के बाद ऐंटीस्थिनीज तथा डायोजिनीज ने किया सेरेनाइको के समान इनका भी मानना था कि ये सुकरात के अनुयायी है, सुकरात ने आनंद के सन्दर्भ मे बुद्धि द्वारा वासनाओ के नियन्त्रण की बात कही थी, उसी को आधार बनाकर सिनिक सम्प्रदाय का विकास हुआ

विचार → (1) विशुद्ध बुद्धिवाद तथा कठोर वैराग्यवाद में विश्वास

(2) मनुष्य को शारीरिक तथा मानसिक सुखो की इच्छा का पूर्ण त्याग करना चाहिए क्योंकि सुख की कामना उसे अपना गुलाम बना देती है ऐंटीस्थिनीज का कथन है कि "सुख की कामना से वशीभूत होने से अच्छा है पागल हो जाना"

(3) मानवजीवन का उद्देश्य सुख प्राप्त करना नहीं है बल्कि विवेक, ज्ञान तथा सद्गुणो से युक्त जीवन जीना है

(4) सद्गुणो के विकास मे दुखो की विशेष महत्ता है, कष्टपूर्ण जीवन जीने से आत्मसंयम तथा विवेकशीलता जैसे गुण विकसित होते है जो सुखपूर्ण जीवन मे नही हो सकते

(5) सिनिक सम्प्रदाय मे पहली बार विश्व नागरिकता का समर्थन किया गया उन्होने कहा कि व्यक्ति सिर्फ अपने नगर, राज्य या राष्ट्र का नागरिक नही होता, वह सम्पूर्ण विश्व का नागरिक है, अगर उसके राज्य का कोई कानून उसके विवेक के विरूद्ध है तो उसे उसका विरोध करना चाहिए

मूल्यांकन → -ive

1 एकतरफा दृष्टिकोण।

2 इतना कठोर सिद्धान्त समाज मे व्यवहारिक स्तर पर नही चल सकता।

(+ive)

1 विश्व नागरिकता का विचार मौलिक और प्रगतिशील है

...

सुकरात ने सुख और आनंद मे स्पष्ट भेद नही किया है but कथनो से प्रतीत होता है कि वे शारीरिक सुख की तुलना मे मानसिक और बौद्धिक आनंद को ज्यादा महत्व देते है सद्गुणो के विकास का प्रयोजन इस आनंद की प्राप्ति है

मूल्यांकन → (1) अरस्तू का आक्षेप है कि नैतिक व्यवहार के लिए ज्ञान पर्याप्त नही है उसके अनुसार आचरण होना भी जरूरी है

(2) सद्गुणो की एकता के सिद्धांत मे भी समस्या है, eg अगर कोई व्यक्ति साहसी but अन्यायी हो तो इन दोनो पक्षो को ज्ञान सद्गुण का व्यक्त रूप कैसे माना जा सकता है।

वस्तुतः यह दोनो आलोचनायें कमजोर है सुकरात ने ज्ञान का जो अर्थ लिया उस स्तर पर न तो आचरण की समस्या बचती है और न ही अंतर्विरोध उनका योगदान यह है कि इन्होने नैतिकता मे वस्तुनिष्ठता की स्थापना की और सद्गुण नीतिशास्त्र के रूप मे एक नयी शाखा को भी विकसित किया

(सेरेनाइक विचारधारा) → सेरेनाइक सम्प्रदाय, जिसके प्रवर्तक अरिस्टीपस थे का दावा है कि उसकी नीति मीमांसा सुकरात के विचारो पर आधारित है इन्होने सुकरात के सद्गुण संबंधी विचारो पर नही बल्कि सुख और आनंद सम्बन्धी विचारो पर ध्यान केन्द्रीत किया और निकृष्ट स्वार्थमूलक सुखवाद की स्थापना की

प्रमुख विचार → मनो-वैज्ञानिक सुखवाद

- नैतिक सुखवाद → सुख ही एकमात्र शुभ है
- सुखो मे गुणात्मक भेद नही सिर्फ मात्रा भेद
- शारीरिक सुख मानसिक सुख से बेहतर, क्योंकि अधिक संतुष्टीदायक (अधिक तीव्र)
- तात्कालिक सुख > दूरवर्ती सुख
- निश्चित सुख > अनिश्चित सुख
- सिर्फ उसी सुख का त्याग करना चाहिए जिसका परिणाम दुखदायी हो।।
- विवेक, ज्ञान तथा सद्गुणो का महत्व केवल वही तक है जहाँ वे सुख प्राप्त करने के साधन है।





सुकरात का मूल उद्देश्य ऐसी सार्वभौमिक नीति मीमांसा की स्थापना करना था जो विभिन्न व्यक्तियों या देशकाल की परिस्थितियों से प्रभावित न हो वे सोफिस्टो द्वारा प्रचारित आत्मनिष्ठतावादी और सापेक्षतावादी नीति मीमांसा से असंतुष्ट थे क्योंकि उसके आधार पर किसी भी कार्य को नैतिक या अनैतिक ठहराया जा सकता है, सुकरात अपने बुद्धिवादी तेवर के अनुरूप नीति मीमांसा मे भी अनिवार्यता और निश्चयात्मकता की खोज कर रहे है

सुकरात ने सद्‌गुणो को नैतिकता का प्रतिमान माना है सद्‌गुण वे गुण है जो कठोर अभ्यास से विकसित होते है और व्यक्ति के भीतर यह क्षमता पैदा करते है कि वह अपनी वासनाओ या इच्छाओ को अपने विवेक की अधीन रख सके

साहस सद्‌गुण का अर्थ है भय की भावना को नियंत्रित करने का स्थायी गुण जो बार- बार ऐसी परिस्थितियो मे किये गये अभ्यास से विकसित होता है

सुकरात ने ज्ञान को प्रमुख सद्‌गुण माना है किन्तु ज्ञान का अर्थ सिर्फ जानना या जानकारी रखना नही है, ज्ञान का वास्तविक अर्थ है- शुभ, अशुभ सत्य असत्य, न्याय अन्याय, कर्तव्य अकर्तव्य मे भेद कर पाने की क्षमता। ज्ञान सद्‌गुण तब बनता है जब वह चेतना का हिस्सा न रहकर अंतरीकृत हो जाता है और प्रत्येक आचरण मे व्यक्त होने लगता है सभी नैतिक बुराईयाँ अज्ञान से ही पैदा होती हैं क्योंकि ऐसे व्यक्ति शुभ - अशुभ मे भेद करना नही जानते, समाज को नैतिक बनाने का एक ही रास्ता है और वह यह है कि कठोर अभ्यास द्वारा व्यक्तियों में ज्ञान सद्‌गुण का विकास किया जाए

विभिन्न सद्‌गुणो के संबंध को स्पष्ट करने के लिए सुकरात ने "सद्‌गुणो की एकता का सिद्धान्त" प्रस्तुत किया है इसके अनुसार ज्ञान एकमात्र सद्‌गुण है शेष सद्‌गुण साहस, संयम, न्याय, विवेक आदि

इस आत्मनिष्ठता का चरम स्तर गार्जियस के
कथनों में दिखता है जहाँ वे वस्तुनिष्ठता का पूर्णतः विरोध करते हैं
- वस्तुनिष्ठ सत्य है ही नहीं
- अगर है भी तो हम जान नहीं सकते
- अगर जान ले तो किसी को बता नहीं सकते

सोफिस्टों पर यह भी आक्षेप है कि उन्होंने नैतिक मानदंडों की व्याख्या आदर्शों की बजाए व्यवहारिक स्तर पर की जिसके परिणाम स्वरूप शक्तिशाली लोगों के नैतिक सिद्धान्त स्थापित हुये थ्रेसीमेकस ने न्याय की परिभाषा देते हुये कहा शक्तिशाली का हित ही न्याय है, एक अन्य सोफिस्ट कैलीकलस ने भी इस का समर्थन किया, इसका अर्थ है कि शक्तिशाली लोग अपने हितों के अनुसार बनाते हैं और कमजोर लोगों को उसका पालन करना पड़ता है, प्लेटो ने थ्रेसीमेकस इस सिद्धान्त को खारिज किया है

सोफिस्टों ने प्रायः ईश्वर तथा पारलौकिक सत्ताओं का खंडन किया और इहलौकिक आधार पर तत्व मीमांसा की तरह नीति मीमांसा की तरह गहराई की किया यह सही है कि उनकी नीति मीमांसा में वस्तुनिष्ठता और but उन्हें यह श्रेय अवश्य है कि उन्होंने पहलीबार मानववादी, उपयोगितावादी सुखवादी, तथा परिणाम सापेक्षवादी नीति मीमांसा का मार्ग स्वच्छ किया

सोफिस्टों के मूल ग्रंथ उपलब्ध नहीं है प्रायः प्लेटो के ग्रंथों से ही उनके में जानकारी मिलती है इस सम्भावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि जानकारी प्लेटो के अपने पूर्वाग्रहों से प्रभावित हुयी हो

(सोफिस्ट Ethics) :

- → 5th Cen. B.C.
- → तार्किक थे → व्यावहारिक शिक्षा देते थे (ग्रीस में)
- → प्लेटो ने इन्हें आध्यात्मिक दुकानदार कहा
- → नगर राज्यो मे अलग-2 सरकारे थी
  - ↓ (S. व्यावहारिक शिक्षा की वकालत की)
- ↓ प्रोटागोरस → (Homo Mensura) ⇒ मनुष्य ही सभी वस्तुओं का मापदंड है (Man is the measure of all things)
  - गार्जियस
  - थ्रेसीमेकस
- ↓ Homo Mensura → मानव (व्यक्ति) के अनुसार सब चीजे तय होंगी
- → Ethics
  - → आत्मनिष्ठतावाद
  - → सापेक्षतावाद
  - → ये पर लोक को स्वीकार नही करते है
  - → इहलौकिक आदर्शों पर बल
  - → धर्मनिरपेक्षतावादी नीति मीमांसा
  - → न्याय ⇒ थ्रेसीमेकस ⇒ शक्तिशाली का हित ही न्याय है

∴ सोफिस्ट नीति मीमांसा आत्मनिष्ठतावाद पर बल देती है, सबसे प्रसिद्ध सोफिस्ट विचारक प्रोटागोरस का कथन Homo mensura अर्थात मनुष्य ही सभी वस्तुओ का मापदंड है इस आत्मनिष्ठता का आधार है, यहाँ मनुष्य का अर्थ व्यक्ति से है नीति मीमांसा में इस कथन का तात्पर्य यह हुआ कि प्रत्येक व्यक्ति अपने अनुसार तय करेगा कि क्या अशुभ है और क्या शुभ। इस दृष्टि से यह विचार सापेक्षतावाद को भी स्वीकार करता है यह विचार देने के पीछे एक मूल कारण यह था कि सोफिस्टो के पीछे यूनान विभिन्न नगर राज्यो में बंटा था और उनके नैतिक मानदंड और कानून परस्पर भिन्न और विरोधी थे, सोफिस्ट अपनी नीति मीमांसा मे ऐसी सम्भावना देखना चाहते थे कि विभिन्न नैतिक मानदंडो को समायोजित किया जा सके

Greek Phy.
(ग्रीक दर्शन) → (6th Cen B.C. से Start (थेल्स)
- +100 year → only Meta Physics
- (5th cen B.C से Ethics का विकास

(Greek Ethics)

- सुकरात पूर्व युग
  - सोफिस्ट परम्परा → विरोध (किसने किया) → सुकरात, प्लेटो, अरस्तू
- सुकरात का युग
  - सुकरात
  - प्लेटो
  - अरस्तू
  - सेरेनाइक परम्परा → अरिस्टीपस
  - सिनिक परम्परा → डायोजिनीस
  - धूर्तचार्वाक
- सुकरात पश्चात युग
  - एपिक्यूरसवाद → एपिक्यूरस
  - स्टोइक → जेनो

उपकार किया है तो हमे उसके प्रति कृतज्ञ होना चाहिए

अंतः प्रज्ञा के माध्यम से उपयोगितावाद की सिद्धी के लिए सिजविक ने निम्न तर्क दिए है →
(a) अंतः प्रज्ञा से ही हम जानते है कि सुख एक मात्र स्वतः साध्य शुभ है

(b) अंतः प्रज्ञा यह भी बताती है कि सभी व्यक्तियों के सुखो को समान महत्व दिया जाना चाहिए क्योंकि सभी मनुष्य मूलतः बराबर है, सिजविक के अनुसार केवल 1 स्थिति में किसी व्यक्ति को अन्य व्यक्तियो की तुलना मे अधिक सुख देना सही होगा, अगर ऐसा करने से सम्पूर्ण सुख की मात्रा या तीव्रता बढ़ती हो, यही तर्क आगे चलकर समतावादी दार्शनिक जॉन रॉल्स ने भी दिया है

(c) अंतः प्रज्ञा के आधार पर व्यक्तिगत सुखो और सामाजिक सुखो के द्वन्द्व भी सुलझ जाता है, व्यक्ति को अपने आप से, "विवेकपूर्ण आत्मप्रेम" जरूर करना चाहिए क्योंकि ऐसा करना अंतः प्रज्ञा से सुसंगत है इसके तहत उसे सिर्फ क्षणिक सुखो पर बल देने की बजाए बौद्धिक और स्थायी सुखो को स्थायी महत्व देना चाहिए। ऐसा विवेकपूर्ण आत्म प्रेम परार्थवाद के विरुद्ध भी नहीं है क्योंकि विवेकशील व्यक्ति अगर दूसरो को आहत किए बिना अपने हित की साधना करता है तो वह सामाजिक सुखो में वृद्धि ही करता है

(d) प्रचलित नैतिकता और अंतः प्रज्ञा मे भी गहरा संबंध है, प्रचलित नैतिकता के सिद्धान्त किसी न किसी समय अंतः प्रज्ञा के आधार पर ही बनाये गये थे इसलिए वे आमतौर पर सुसंगत होते है किन्तु अगर किसी बिन्दु पर प्रचलित नैतिकता और अंतः प्रज्ञा मे विरोध हो जाए तो अंतः प्रज्ञा को वरीयता दी जानी चाहिए क्योंकि हो सकता है कि पहले के नियम अब अप्रासंगिक रह गये हो, (अंतः प्रज्ञा सिर्फ व्यक्ति के स्तर पर नहीं देखी जानी चाहिए, सामूहिक स्तर पर देखी जानी चाहिए)

आलोचनाएं → अंतः प्रज्ञा का सिद्धान्त, खुद ही असिद्ध है
→ विभिन्न व्यक्तियों की अंतः प्रज्ञा हमेशा समान नहीं होती इसलिए नैतिकता आत्मनिष्ठ हो जाती है
→ किसी विवादास्पद मुद्दे पर समाज की सदस्यों की अंतः प्रज्ञा मे लगभग बराबर विरोध और समर्थन की स्थिति हो सकती है
→ अंतः प्रज्ञा वस्तुतः व्यक्ति का Superego ही होता है जो समाजीकरण से तय होता है, समाजीकरण विभिन्न समूहो मे अलग-2 तरीके से होता है अतः अंतः प्रज्ञा रूढ़िवाद को बढ़ावा दे सकती है
→ अल्पसंख्यको के दमन की सम्भावना बनती है, क्योंकि अगर नैतिकता अधिकतम व्यक्तियो के अनुसार तय होगी तो उन्हे समुचित महत्व नहीं मिलेगा

हेनरी सिजविक :-

→ मनोवैज्ञानिक सुखवाद को अस्वीकार कर दिया

→ नैतिक सुखवाद को स्वीकार किया (बेंथम, मिल ने भी)

इसे सिद्ध करने के लिए अंतः प्रज्ञा का सहारा लिया (intuition)

सिजविक का उपयोगितावाद :- हेनरी सिजविक का उपयोगितावाद नैतिक उपयोगितावाद तथा अंतः प्रज्ञात्मक उपयोगितावाद नामों से जाना जाता है इन्होंने बेंथम और मिल के उपयोगितावाद की कमियों को दूर करने का प्रयास किया है

ज्ञान
→ इंद्रियाँ (5 बाह्य + 1 आंतरिक (मन))
→ बुद्धि → पहले से ज्ञात से निकालती है (जैसा जान प्रा…)
→ अंतः प्रज्ञा

विशेषताएँ :- (1) सिजविक भी नैतिक सुखवाद के समर्थक हैं, बेंथम और मिल की तरह वह मानते हैं कि सुख एक मात्र स्वतः साध्य शुभ है बाकि सभी शुभ जैसे सत्य, सौन्दर्य और सद्गुण सुख के साधन के रूप में शुभ हैं

(2) सिजविक मनोवैज्ञानिक सुखवाद में विश्वास नहीं करते इस बिंदु पर वे बेंथम और मिल से अलग हैं इस संबंध में उनके निम्न तर्क हैं

:- वस्तुतः मनुष्य सुख की नहीं उन वस्तुओं की इच्छा करता है जो सुख देती हैं, भूखा आदमी रोटी चाहता है सुख नहीं, यह अलग बात है कि रोटी खाने के बाद उसे सुख मिलता है, सुख कारण नहीं परिणाम है, परिणाम को कारण की तरह समझने से ही यह तर्क दोष पैदा होता है।

:- मनुष्य सभी कार्य सिर्फ सुख की इच्छा से नहीं करता कई कार्य कर्तव्य या परोपकार भावना से प्रेरित होकर भी करता है

(3) सिजविक के सामने चुनौती यह थी कि वे नैतिक सुखवाद को कैसे सिद्ध करें बेंथम और मिल ने मनोवैज्ञानिक सुखवाद को इसका आधार बनाया था सिजविक ने इसके लिए अंतः प्रज्ञा को आधार बनाया, अंतः प्रज्ञा वह मानसिक शक्ति है जिससे व्यक्ति को किसी कर्म के औचित्य या अनौचित्य का साक्षात ज्ञान हो जाता है यह ज्ञान स्वतः सिद्ध होता है तथा इसे प्रमाणित करने के लिए किसी तर्क या युक्ति की आवश्यकता नहीं होती

सच बोलने की प्रबल सम्भावना है

② प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्त की शर्त है कि दोनो पक्षो को सुनवाई का मौका मिले इसलिए mr. x की शिकायत के आधार पर मैं mr. A से लिखित सफाई मांगूगा

③ चूंकि ऐसे मामलो के सम्बन्ध मे विशाखा मामले मे S.C ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हुये है, इसलिए नैतिक प्रेरणा के लिए मैं अंतरआत्मा (Conscience) का नही बल्कि उन्ही दिशा निर्देशो का पालन करूँगा, अतः मैं कम से कम 3 सदस्यो की एक जाँच समीती गठित करूंगा जिसकी प्रमुख । महिला होगी और कम से कम ।अन्य महिला सदस्य होगी, । सदस्य किसी N.G.O से भी होना जरूरी है

④ जाँच समिती की रिपोर्ट आने तक इस बात का ध्यान रखूँगा कि mr A. उस पर अनुचित प्रभाव न डाल सके

(5) जाँच समिती की रिपोर्ट के आधार पर दोनो को मौका दूँगा कि वे चाहे तो इसके विरूद्ध अपील करे। नही तो रिपोर्ट मे अनुसंसित कारवाही करूँगा

समानता :- (बेंथम – मिल)

① परार्थवाद या उपयोगितावाद का समर्थन
② सुख जीवन का चरम लक्ष्य है, स्वतः साध्य शुभ है
③ अधिकतम व्यक्तियो के अधिकतम शुभ का सिद्धान्त
(4) दोनो मनोवैज्ञानिक सुखवाद को आधार बनाकर नैतिक सुखवाद की ओर बढ़े है
(5) दोनो ने अपने सुख से ज्यादा महत्व सामाजिक सुख को दिया है
(6) 4 बाह्य नैतिक आदेश या दबाव दोनो ने माने है
(7) दोनो मानते है कि अधिकतम व्यक्तियो के सुख की गणना करते समय प्रत्येक व्यक्ति का मूल्य = होना चाहिए

(तुलना)

(बेंथम) vs मिल)

सिर्फ मात्रात्मक वाद	मात्रात्मक और गुणात्मक वाद
निकृष्ट उपयोगितावाद	उत्कृष्ट उपयोगितावाद
बाह्य नैतिक आदेश	आंतरिक नैतिक आदेश (अंतरात्मा)
योग्य निर्णायकों को कोई विशेष भूमिका नहीं दी गयी	सुखों की उत्कृष्टता या निकृष्टता का फैसला योग्य निर्णायकों पर छोड़ा गया है
सुखों के मूल्यांकन के संदर्भ में मनुष्य को विशेष गरिमा नहीं दी गयी है	सुखों के मूल्यांकन की चर्चा में मनुष्य की गरिमा को विशेष तौर पर आधार बनाया गया है (असंतुष्ट मनुष्य, संतुष्ट सुअर से बेहतर)
व्यक्तिगत सुखों और सामुहिक सुखों का संबंध जोड़ने के लिए कोई युक्ति नहीं दी गयी	व्यक्तिगत सुखों से सामूहिक सुखों का सम्बन्ध जुड़ता है इसके लिए विशेष युक्ति दी गयी है इसमें जगह दोष है — प्रत्येक व्यक्ति का सुख उसके लिए शुभ है अतः सामान्य व्यक्तियों के समुदाय के लिए शुभ

~~स्वार्थी व्यक्ति अधिकतम व्यक्तियों के हित में क्यों काम करेगा~~

Date 6/11/2013

(UPSC Sample Paper से) Case Study

आप अपने दल - - - - - - - - - - आप क्या करेंगे? और क्यों?

Soln) महिला से लिखित ~~प्रार्थना~~ प्रार्थनापत्र लेंगे

अपने स्तर से एक टीम बनाकर Mr A के खिलाफ जाँच करवायेंगे।

Sinha format) इस जटिल स्थिति मे दुविधा जिन विकल्पों के कारण है वे हैं —

(a) अगर मैं Mr. X की शिकायत स्वीकार कर लेता हूँ तो Mr. ... को निलम्बित करने की नौबत आ सकती है और वह निलम्बित न भी हो तो कार्यालय का एक दक्ष कर्मचारी कम होने से ... लक्ष्यों का पूरा होना कठिन हो सकता है,

(b) अगर मैं लिखित शिकायत स्वीकार नहीं करता हूँ तो कार्यालय के लक्ष्य तो पूरे होते रहेंगे किन्तु श्रीमती X तथा अन्य महिला कर्मचारियों को महसूस होगा कि कार्यालय के अधिकारी उनकी सुरक्षा चिन्ताओं के प्रति संवेदनशील नहीं है, पुरुष कर्मचारियों को गलत प्रेरणा मिलेगी तथा दक्ष कर्मचारियों को लगेगा कि वे अपनी दक्षता के बदले अनुचित माँगे या अनुचित दबाव बना सकते हैं

इन विकल्पों मे से उचित निर्णय की मेरी प्रक्रिया इस प्रकार होगी

2)(1) मैं Mrs X की लिखित शिकायत को स्वीकार कर लूँगा क्योंकि उनकी बात को विश्वसनीय मानने के पक्ष मे मेरे पास कम से कम 2 आधार हैं (क) मैं जानता हूँ कि Mr. A महिलाओं के प्रति ... रखते हैं

हो सकता है कि किसी व्यक्ति में प्रबल स्वार्थ भावना के कारण यह आंतरिक भावना कमजोर पड़ गयी हो पर गिने चुने अपवादों को छोड़कर - यह सभी में होती है और सामाजिक व्यवस्था इसी के कारण चलती है।

(5) अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख के गणना के लिए प्रत्येक व्यक्ति को = माना है (बेंथम ने भी माना है)

(मूल्यांकन) ① मिल का सिद्धान्त सामान्यतः काफी अच्छा, मनुष्य के मनोविज्ञान और समाज मनोविज्ञान के नज़दीक है।

② सुखों में गुणात्मक भेद मानते ही सुखवाद खारिज हो जाता है यह आलोचना मूर और रेशडेल ने विस्तार पूर्वक की है, इसका सार यह है कि अगर कोई सुख दूसरे सुख से ऊँचा है तो इसका मतलब ही है उस सुख में गुणात्मक रूप से दूसरे सुख की तुलना में कुछ और भी शामिल है वह तत्व जो कुछ भी है, अगर वह सुख को ऊँचा सिद्ध करने में निर्णायक है तो इस सिद्धान्त को सुखवाद कहना ही भ्रामक है (भ्रामक)

③ मिल ने जिस आंतरिक प्रेरणा या परोपकार की चर्चा की है उससे मनोवैज्ञानिक सुखवाद का खंडन होता है, अगर सच में परोपकार प्रवृत्ति काम करती है तो मनुष्य हर कार्य अपने सुख की चेष्टा से नहीं करता है अतः मनोवैज्ञानिक सुखवाद बाधित हो जाता है।

④ योग्य निर्णायकों का सिद्धान्त पूर्णतः आत्मनिष्ठ है इसके आधार किसी समाज में नैतिक मूल्य लिया नहीं किए जा सकते।

⑤ सुखों के समता मूलक वितरण का सिद्धान्त जो बेंथम और मिल दोनों ने दिया है, किसी भी ने स्पष्ट नहीं ~~किया है कि यह लागू कैसे होगा,~~

eg अगर कार्य क से बहुत से व्यक्तियों को निम्न तीव्रता या निम्न स्तर का सुख मिलता है जबकि कर्म ख से कुछ व्यक्तियों को ऊँचे स्तर का सुख मिलता है तो समाज को किसे नैतिक मानना चाहिए।। (98% व्यक्ति पटाखे फोड़ने का सुख) 2% व्यक्ति व पर्यावरण बचाने का सुख)

⑥ मिल के तर्क में संग्रह दोष है (fallacy of composition), जब वह कहते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति को सुख इच्छित है अतः सामान्य सुख व्यक्तियों के समुच्चय के लिए [illegible] तो वह संग्रह दोष के शिकार हो जाते हैं क्योंकि न तो [illegible] ही व्यक्तियों का समुच्चय कोई समुच्चय है

गुणात्मक माना दोनो दृष्टियो से करते है ऐसे मे यह सोचना मूर्खता होगा कि सुखो का मूल्यांकन सिर्फ मात्रा से करना चाहिए.

(b) मनुष्यो मे पशुओ से ऊँची प्रवृत्तियाँ होती है जब उन्हें उन ऊँची प्रवृत्तियो का ज्ञान हो जाता है तो वह निकृष्ट सुखो की कामना करना बंद कर देते है, अधिक तीव्र शारीरिक सुख की तुलना मे कम तीव्र ~~मानसिक~~ बौद्धिक सुख अधिक उत्कृष्ट है उसका कथन है

"एक ~~असन्तुष्ट~~ संतुष्ट सुअर होने की अपेक्षा असंतुष्ट मनुष्य होना श्रेष्ठ है, ~~असंतुष्ट~~ मनुष्य की अपेक्षा असंतुष्ट सुकरात होना श्रेष्ठ है।" मूर्ख

(c) अगर सुखो मे गुणात्मक भेद है तो इस बात का निर्णय कैसे ~~होगा~~ होगा कि कौन सा सुख अन्य से श्रेष्ठ है, इसके उत्तर मे मिल का विचार है,, "जिस व्यक्ति ने अपने जीवन मे निकृष्ट उत्कृष्ट सुखो का अनुभव प्राप्त किया है केवल वही उनके निर्णायक हो सकते है," उसे विश्वास है कि ऐसे योग्य तथा अनुभवी निर्णायक बौद्धिक सुखो को शारीरिक सुखो से ^ महत्व देंगे।

(4) मिल के सामने भी यह प्रश्न है कि कोई व्यक्ति जो सामान्य तह अपने सुखो के बारे मे सोचता है वह अधिकतम व्यक्तियो के अधिकतम सुख के लिए आचरण क्यो करेगा, बेंथम ने इसके लिए 4 नैतिक दबावों की भी मिल उन चारो को स्वीकारता है किन्तु उसका दावा है कि इसके अलावा एक आंतरिक दबाव की भूमिका भी होती है

आंतरिक दबाव मनुष्य की मूल सामाजिक भावना से संबंधित है इसी के कारण प्रत्येक मनुष्य के भीतर यह इच्छा होती है कि वे समाज के सुख-दुख का ध्यान रखे और अपने कर्तव्यो का पालन करे यह प्रेरणा जन्मजात भले ही न हो but प्राकृतिक अवश्य है. इसी कारण हम इस के साथ वैसा ही व्यवहार करना चाहते है जो हम दूसरो से अपने प्रति

(1) केवल करते ... (2) ... मे मि... इस ... लिए ... (3) मि... बिन

(J.S. Mill) का उपयोगितावाद)

① J.S. mill का उपयोगिता बेंथम के उपयोगितावाद का अगला चरण है बेंथम के सिद्धान्त में जो तार्किक कमीयाँ रह गयी थी मिल ने उन्हें दूर करने की गम्भीर कोशिश की, वे अधिकांश बिंदुओ पर बेंथम से सहमत है, कुछ बिन्दुओ पर विरोध की मुद्रा मे है

② बेंथम की तरह मिल भी मनोवैज्ञानिक तथा नैतिक सुखवाद के समर्थक है बेंथम ने मनोवैज्ञानिक सुखवाद के पक्ष मे कोई प्रमाण नही दिया but मिल ने ऐसी कोशिश की है, उनका कथन है => कोई वस्तु वांछनीय है

इसे प्रमाणित करने का वास्तविक प्रमाण यही हो सकता है लोग वास्तव मे उसकी इच्छा करते है, प्रत्येक व्यक्ति जहाँ तक सुख को प्राप्य समझता है, वहाँ तक उसके लिए प्रयास करता है; यही मनोवैज्ञानिक सुखवाद का प्रमाण है

③ मनोवैज्ञानिक सुखवाद के आधार पर मिल ने बेंथम की तरह नैतिक सुखवाद को भी स्वीकार किया है उनकी स्पष्ट राय है कि सुख एकमात्र स्वतः शुभ है बाकि जो कुछ भी शुभ है, वह सुख के साधन के रूप मे है, वस्तु उतनी है शुभ है जिस अनुपात मे वह सुख उत्पन्न करती है।

- मिल ने अधिकतम व्यक्तियो के अधिकतम ~~व्यक्तियो के~~ सुख को प्रमाणित करने के लिए एक तर्क दिया है जो इस प्रकार है —

"प्रत्येक व्यक्ति का सुख उसके लिए शुभ है अतः सामान्य सुख व्यक्तियो के समुच्चय के लिए शुभ है।

③ मिल ने सुखो मे गुणात्मक भेद को माना है और इस बिन्दु पर वह बेंथम और अरिस्टीपस से अलग है, इस संबंध मे उनके प्रमुख विचार निम्न है → (a) सुखो मे सिर्फ मात्रात्मक अंतर करना पर्याप्त नही है उनमें गुणो के आधार पर भी अंतर करना

(c) राजनैतिक दबाव → दंड का भय, पुरस्कार का लालच

(d) धार्मिक दबाव → ईश्वर बुरे कार्यों का दंड देगा, या अच्छे कार्यों के बदले स्वर्ग देगा।

(6) बैंथम ने अपने उपयोगितावाद में न्याय के सिद्धान्त का भी ध्यान रखा उसका प्रसिद्ध कथन है- प्रत्येक व्यक्ति का महत्व। व्यक्ति का महत्व है केवल इसलिए अधिक नहीं।

इसका अर्थ है जब हम किसी कार्य की उपयोगिता का हिसाब (4) करने के लिए अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुखों की गणना करेंगे तो विभिन्न व्यक्तियों की आर्थिक सामाजिक परिस्थितियों को महत्व नहीं देंगे अमीर व्यक्ति का हित उतना ही गिना जायेगा जितना गरीब का, इस विचार का लाभ यह है कि यह विभिन्न व्यक्तियों में सुख के न्यायपूर्ण वितरण को सुनिश्चित करता है

(मूल्यांकन) → (1) Hedonistic Calculus का सिद्धान्त अव्यवहारिक है, सुख एक अनुभूति है जिसे सटीकरूप से मापा नहीं जा सकता बैंथम ने यह नहीं बताया कि यदि Hedonistic calculus के विभिन्न प्रतिमानों में अन्तर्विरोध हो जाए तो गणना कैसे की जायेगी-

eg:- अगर मिठाई खाने व उपन्यास पढ़ने के सुख की तुलना करते हो तो मिठाई के सुख में तीव्रता↑ अवधि कम है जबकि उपन्यास के (5) सुख में अवधि ↑ है तीव्रता ↓ है,

(2) बैंथम ने जिन 4 नैतिक दबावों की चर्चा की है उनसे प्रतीत होता कि नैतिकता सिर्फ बाहरी दबावों में टिकी है, जबकि सत्य यह है कि ऊँचे स्तर की नैतिकता हमेशा आंतरिक ~~स्वयं~~ प्रेरणा पर आधारित

(3) सुखों में गुणात्मक भेदों को न मानकर बैंथम ने मनुष्य की ऊँची प्रवृति का अपमान किया है

(4) अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुखों का प्रतिमान अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा नहीं कर पाता और बहुसंख्यकों की तानाशाही को प्रस्तावित (गांधी ने इसी आधार पर उपयोगितावाद का विरोध किया

(e) उत्पादकता (fecundity) → अन्य सुखों को उत्पन्न करने वाला सुख > अनोत्पादक सुख

(f) शुद्धता → अमिश्रित सुख > कष्टमिश्रित सुख

(g) व्यापकता → बहुत से व्यक्तियों का सुख > 1 व्यक्ति का सुख

(4) बेंथम ने साधारणतया हॉब्स के स्वार्थवाद का समर्थन किया है हॉब्स की तरह उनकी भी राय है मनुष्य मूलतः स्वार्थी है और तब तक कोई कार्य नहीं करता जब तक उसमें उसे कोई लाभ नहीं है

उनका प्रसिद्ध वाक्य, "ऐसी कल्पना भी मत करो कोई व्यक्ति अपनी सबसे छोटी अंगुली भी आपके पक्ष में हिलायेगा, जब तक उसे साफ नजर न आ जाए कि इसमें उसका अपना फायदा है,"

किंतु स्वार्थवाद को महत्व देने के बाद भी बेंथम की गणना उपयोगितावाद (जो कि मूलतः परार्थवादी सिद्धान्त है) में इसलिए होती है क्योंकि सुख कलन के 7वें प्रतिमान में उसमें बहुत से व्यक्तियों के सुख को एक व्यक्ति के सुख की तुलना में शुभ माना है.

(5) ~~हॉब्स~~ बेंथम के सिद्धान्त के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है ~~कि~~ अगर हर व्यक्ति अपनी मूल ~~प्रकृति~~ प्रकृति में स्वार्थी है तो वह अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख के अनुसार आचरण करेगा ही क्यों?

बेंथम ने इसके उत्तर में 4 नैतिक आदेशों की चर्चा की है

उनका दावा है कि व्यक्ति इन चार ~~दबाव~~ ~~[illegible]~~ दबावों के तहत परार्थ की चेतना से कार्य करने को बाध्य होता है

(a) प्राकृतिक दबाव → शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जिन नियमों का पालन करना पड़ता है
eg → कोई भी व्यक्ति पूरे शहर के बारे में ज़हर नहीं मिलाता क्योंकि यह स्वयं उसके स्वास्थ्य के लिए घातक है।

(b) सामाजिक दबाव → समाज द्वारा प्रशंसा, आलोचना और निंदा का भय

(Act- उपयोगितावाद)

- सीमित → उपयोगिता का निर्धारण किसी विशेष समुदाय के हित के आधार पर होता है।
  e.g. भारत का हित, U.S.A का हित, etc
- सार्वभौमिक → सम्पूर्ण मानव समुदाय के आधार पर उपयोगिता का निर्धारण

Rule of (उपयो...

- सीमित → विशेष समुदाय के आधार पर
- सार्वभौ... → सम्पूर्ण मानव स... के आधार...

(बेंथम का उपयोगितावाद)

① बेंथम मनोवैज्ञानिक सुखवाद तथा नैतिक सुखवाद के समर्थक हैं और इन्ही के आधार पर अपने उपयोगिता का ढाँचा खड़ा करते हैं, वे मानते हैं कि कोई कर्म या नियम अधिकतम व्यक्तियों के लिए अधिकतम उपयोगिता रखता है या नहीं इसका एकमात्र पैमाना सुख है, शेष सभी वांछनीय वस्तुएँ सुख के साधन के रूप मे ही शुभ सुख हो सकती हैं (ज्ञान चरित्र, etc) उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है— जो कर्म या नियम जितना अधिक सुख उत्पन्न करते हैं उसी अनुपात मे वे समाज के लिए उपयोगी या शुभ होते हैं,

② बेंथम ने सुखो मे गुणात्मक अंतर स्वीकार नही किया है उनका मत है कि विभिन्न सुखो मे सिर्फ मात्रात्मक भेद होता है, उनका प्रसिद्ध कथन है, " Pushpin (खेल एक प्रकार) उतना ही शुभ है जितनी शुभ कविता है'।

③ प्रश्न उठता है यदि सुखो मे सिर्फ मात्रात्मक भेद है तो ~~इनकी आपसी~~ तुलना के लिए इस मात्रा को मापा कैसे जायेगा?, बेंथम से पहले के सुखवादियो ने इस दिशा मे विशेष प्रयास नही किया था but बेंथम ने इसके लिए सुखकलन (Hedonistic calculus) का सिद्धान्त दिया है, जिसके तहत सात प्रतिमानो के आधार पर सुखो की तुलना की जा सकती है ⇒

- (a) तीव्रता intensity → अधिक तीव्र सुख > कम तीव्र सुख
- (b) अवधि ⟶ दीर्घकालीक सुख > क्षणिक सुख
- (c) निश्चितता ⟶ निश्चित सुख > अनिश्चित सुख
- (d) निकटता ⟶ तत्कालि सुख > भावी सुख

आधारित है। अधिकांश उपयोगितावादियों ने परिणामनिरपेक्षवाद या कर्तव्यवाद का विरोध किया है

(उपयोगितावाद का वर्गीकरण)

- (सुख)मूलक उपयोगितावाद
  - समर्थक ... है कि उपयोगिता का आधार सुख है (मिल सिजविक)
- आदर्शात्मक (मूलक) उपयोगितावाद
  - इनकी उपयोगिता की धारणा कुछ व्यापक है। इसमें सुख तो शामिल है ही किन्तु सुख के अलावा अन्य आधार भी हो सकते हैं eg ज्ञान, प्रेम, सद्गुण और चारित्रिक श्रेष्ठता को सुख की तरह स्वयं शुभ माना जा सकता है (हैस्टिंग रेशडेल) (G.E. मूर)
- (Act) कर्म संबंधी उपयोगिता
  - इसके अंतर्गत कर्म विशेष के संबंध में तय किया जाता है कि वह समाज के लिए उपयोगी है या नहीं
- (Rule) नियम संबंधी उपयोगितावाद
  - इसमें विशेष कर्मों पर नहीं बल्कि नियमों की उपयोगिता पर बल दिया जाता है यदि नियम अधिकतम व्यक्तियों के अधिकतम सुख में सहायक है तो इसके अनुसार प्रत्येक स्थिति में इसका उपयोग किया जाना चाहिए। एक अर्थ में यह Teleology के गुण के अंदर Deontology को शामिल करने की कोशिश है
- Gross निकृष्ट उपयोगितावाद (बेंथम)
  - सुखों में गुणात्मक भेद नहीं
- Define उत्कृष्ट उपयोगितावाद (मिल)
  - सुखों में गुणात्मक भेद

(iii) व्यक्ति को सुखो की तलाश बुद्धि की प्रेरणा से नहीं इंद्रियों की प्रेरणा के अनुसार नहीं

